अष्टादश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{01 फाल्गुन, 1947 (श०)}}{\text{20 फरवरी, 2026 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 05

(1)	स्वास्थ्य विभाग	05
	कुल योग --	05

कार्य योजना बनाना

58. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के शीर्षक ''राज्य में 8 फीसदी प्रसूताएँ हाई रिस्क में .....'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्थानीय समाचार के आलोक में बिहार में लगभग 8 प्रतिशत प्रसूताएँ हाई बी0पी0, एनीमिया और डायबिटीज से ग्रसित पायी गयी हैं, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में अधिक है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा प्रसूताओं की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु संचालित योजनाओं की जिला-वार समीक्षा कराकर अत्यधिक प्रभावित जिलों के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित कराना

59. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के संकल्प संख्या 1587, दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 द्वारा सात निश्चय 3 के तहत राज्य के सभी सदर अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुपर स्पेशियलिटी की सभी सुविधाएँ मोतिहारी सहित राज्य के सभी सदर अस्पताल को मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

PMCH में प्रतिनियुक्त कराना

60. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 4 जनवरी, 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''तकनीशियनों की कमी से शुरू नहीं हुई MRI, CT स्कैन मशीन'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवनिर्मित भवन में MRI, CT स्कैन की नई मशीनें दो महीने पहले इंस्टॉल हो चुकी है लेकिन तकनीशियनों की कमी के कारण अबतक यह सुविधा शुरू नहीं हो सकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि PMCH में प्रत्येक दिन करीब तीन से चार हजार मरीज इलाज हेतु आते हैं जिसमें प्रत्येक दिन चिकित्सकों द्वारा करीब 400 से 500 मरीजों को MRI और CT स्कैन जाँच की सलाह दी जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक PMCH में तकनीशियनों को प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बेड की संख्या बढ़ाना

61. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा में इलाज कराने वाले गंभीर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थान में आपातकाल वार्ड, आई0सी0यू0 एवं वेंटिलेटर वार्ड में बेड की संख्या काफी कम होने के कारण दूर-दराज से आने वाले सैकड़ों मरीज बेड नहीं मिलने के कारण प्राईवेट अस्पतालों में जाने को मजबूर होते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बढ़ते मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर उक्त वार्डों/इमरजेंसी में बेड की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

62. <u>मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)</u>--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 3 फरवरी, 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''अस्पताल में रोज 422 मरीज का इलाज'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर 126 अस्पताल संचालित है तथा एक अस्पताल में औसतन रोजाना 422 मरीज का इलाज किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 लाख की जनसंख्या पर संचालित 126 अस्पतालों में से अधिकतर अस्पतालों में विगत 5 वर्षों से स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर पदस्थापित नहीं है तथा उक्त अस्पतालों में ए0एन0एम0 के सहारे दवाई का वितरण हो रहा है, जिस कारण मरीजों का समुचित इलाज प्रभावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में खोले गये सभी अस्पतालों में स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर के पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 20 फरवरी, 2026 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0 38(एल0ए0), 2025-26-डी0टी0पी0-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026